मूल्य 1 रु.
वर्ष: 14 - अंक : 352, मुंबई, शुक्रवार, 11 अप्रैल, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर







# 'आतंकी राणा' बोलेगा 26/11 के राज खोलेगा

## ...और पाकिस्तान हो जाएगा बेपर्दा

### खत्म हुआ 17 साल का लंबा इंतजार... शिंकजे में आ गया मुंबई हमले का गुनहगार



### मुंबई से राणा के लौटने के बाद ताबड़तोड़ हमले हुए थे



**मुंबई हमलों में 175 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 300 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे**

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई/नई दिल्ली।** मुंबई हमलों का मास्टर माइंड तहव्वुर राणा आखिरकार भारत लाया गया और अब उससे कड़ी पूछताछ की जाएगी। 26/11 की साजिश को लेकर कई राज अब खुलेंगे। एनआईए ने राणा को रिमांड पर लेने के लिए पटियाला हाईकोर्ट में पेश किया था। इस दौरान कोर्ट ने राणा को 18 दिनों की न्यायिक हिरासत में रखने का आदेश दिया है। अब नेशनल इवेस्टिगेशन एजेंसी उससे पूछताछ करेगी। इससे तहव्वुर राणा को कड़ी सुरक्षा के बीच बृहस्पतिवार को अमेरिका से भारत लाया गया है। आतंकी राणा की सुरक्षा के लिए काफी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। अधिकारियों के मुताबिक आतंकी राणा को सीजीओ कॉम्प्लेक्स में आतंकवाद रोधी एजेंसी के हेडक्वार्टर के अंदर एक हाई सिक्योरिटी सेल में रखा जाएगा।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## तहव्वुर राणा को 18 दिन की हिरासत में भेजा, एनआईए करेगी पूछताछ

जांच के दौरान अब खुलेंगे कई राज, तहव्वुर राणा ने डेविड हेडली को भारत का वीजा दिलाने में की थी मदद




एनआई ने जारी किया आतंकी का पहला फोटो

**एनआईए के आरोपपत्र के अनुसार, राणा इस दौरान हमलों के एक अन्य सह-साजिशकर्ता मेजर इकबाल के भी संपर्क में था। राणा आतंकी हमले से कुछ दिन पहले नवंबर 2008 में भारत आया था। मुंबई पुलिस की ओर से 26/11 हमले के मामले में 2023 में राणा के खिलाफ दायर आरोपपत्र के मुताबिक वह पवई के एक होटल में रुका था और उसने एक व्यक्ति के साथ दक्षिण मुंबई में भीड़-भाड़ वाली जगहों के बारे में चर्चा भी की थी।**

**26/11 नरसंहार की गवाह देविका ने की तहव्वुर राणा के लिए की फांसी की मांग**



## बिहार चुनाव और तहव्वुर राणा प्रत्यर्पण का संजय राउत ने जोड़ा कनेक्शन



### भगोड़े नीरव मोदी व मेहुल चोकसी को भी भारत लाया जाए: राउत

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई आतंकी हमलों के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा को अमेरिका से दिल्ली लाया गया है। अब उससे पूछताछ की जाएगी। कड़ी जांच की जाएगी। इधर उसके यहां आते ही अलग तरह की सियासत शुरू हो गई है। शिवसेना (उद्धव ठाकरे) के सांसद संजय राउत ने दावा करते हुए कहा है कि सरकार बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान तहव्वुर राणा को फांसी दे सकती है। शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सांसद संजय राउत अपने बयानों से हमेशा ही चर्चा में रहते हैं। इस बार भी उन्होंने तहव्वुर राणा प्रत्यर्पण पर कुछ ऐसा बयान दिया कि सियासी भूचाल आ गया है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### बांग्लादेश को सख्त संदेश

**उचित ही यह समझा गया है कि ट्रांसशिपमेंट सुविधा वापस लेने के भारत के निर्णय की वजह बांग्लादेश से बिगड़े संबंध हैं। पिछले साल बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद से भारत- बांग्लादेश के रिश्तों में तनाव है।**

वैसे भारत ने कहा तो यह है कि अपने बंदरगाहों और हवाई अड्डों पर भीड़ की दिक्कत के कारण वह बांग्लादेश को दी गई ट्रांसशिपमेंट सुविधा खत्म कर रहा है, लेकिन उचित ही इस फैसले की असल वजह कहीं और देखी गई है। ट्रांसशिपमेंट का अर्थ है किसी दूसरे देश को निर्यात के लिए अपने देश के रास्ते के इस्तेमाल की सुविधा देना। बांग्लादेश का कुछ देशों का निर्यात भारत से होकर गुजरता है। अब भारत के केंद्रीय अप्रत्यक्ष और सीमा शुल्क बोर्ड ने 2020 में जारी उस सर्कुलर को वापस ले लिया है, जिसके तहत भारत ने बांग्लादेश को अपने हवाई अड्डों और बंदरगाहों के व्यापारिक इस्तेमाल की सुविधा दी थी। मगर भारत के रास्ते नेपाल और भूटान को होने वाले बांग्लादेश के निर्यात के लिए अभी ये सुविधा बरकरार रहेगी। उचित ही यह समझा गया है कि भारत के इस निर्णय की वजह बांग्लादेश से बिगड़े संबंध हैं। पिछले साल बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद से भारत–बांग्लादेश के रिश्तों में तनाव रहा है। शेख हसीना ने पिछले साल पांच अगस्त से भारत पनाह ले रखी है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार लगातार भारत से हसीना को वापस भेजने की मांग कर रही है, जबकि भारत ने इससे इनकार किया है। इस बीच बांग्लादेश ने पाकिस्तान और चीन के साथ करीबी बढ़ाई है। इसी महीने थाईलैंड में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद युनूस की मुलाकात में विवादित मुद्दों का कोई हल नहीं निकला। इस बीच अपनी चीन यात्रा के दौरान युनूस ने भारत के उत्तर–पूर्वी राज्यों को लेकर विवादास्पद टिप्पणी की। उधर भारत के लिए रणनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण सिलिगुड़ी कॉरिडोर के पास मौजूद ब्रिटिश–कालीन लालमोनीरहाट सैन्य अड्डे को बांग्लादेश पाकिस्तान एवं चीन की मदद से पुनर्स्थापित करने की कोशिश कर रहा है। इन बातों ने भारत को नाराज किया है। समझा जाता है कि इन वजहों से अब भारत ने बांग्लादेश को सख्त पैगाम दिया है। साथ ही इसके जरिए भारत–वासियों को भी बताया गया है कि भारत बांग्लादेश के प्रति सख्ती दिखा रहा है।

# श्री रमाकांत मुंडे को इस वर्ष के सांस्कृतिक कलादर्पण पत्रकारिता पुरस्कार से प्रसिद्ध अभिनेता संतोष जुवेकर द्वारा सम्मानित किया गया

**मुंबई हलचल/रमाकांत मुंड**

**मुंबई।** 27वां चन्द्रशेखर सांडवे प्रतिष्ठान प्रस्तुत सांस्कृतिक कलादर्पण गौरव पुरस्कार 2025 भव्य फिल्म महोत्सव कल से प्रसिद्ध अभिनेता संतोष जुवेकर, निर्भीद लेख के संपादक, थिएटर निमार्ता कांतिलाल कडू और निमार्ता दत्ताजी जलाबे द्वारा महोत्सव के शुभ उद्घाटन के साथ शुरू हुआ। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्देशक रमेश मोरे, लघु फिल्म समीक्षक पद्माकर गांधी और लेखक महेंद्र पाटिल उपस्थित थे। इस अवसर पर लघु फिल्म पुरस्कार प्रदान किये गये। कोषाध्यक्ष सर्वेश सांडवे, प्रतियोगिता प्रमुख सुधीर सोमवंशी,






प्रबंधक विकास मोजर, कार्यकर्ता गणेश तालेकर, लव क्षीरसागर, पराग सारंग, प्रतीक बोले, आदर्श सतपुते सागर पतंगे ने विशेष रूप से महोत्सव का आयोजन किया। महोत्सव का संचालन तेजस्विनी मुंडाये ने किया. विभिन्न फिल्मों की स्क्रीनिंग के अवसर पर अभिनेता गौरव मोरे, निर्देशक समित कक्कड़, निर्देशक नवजोत बांदिवडेकर, लेखक संजय नवघिरे, निर्देशक-निर्माता अजय भालेराव और तिरुपति बालाजी देवस्थान के पुजारी उपस्थित थे। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष-संस्थापक चंद्रशेखर सांडवे ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# नेशनल पब्लिक स्कूल दमला की वार्षिक पुरस्कार प्रतियोगिता संपन्न

## समाज के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना हमारा धार्मिक राष्ट्रीय और नैतिक कर्तव्यः नसीम हैदर

**मुंबई हलचल/सालिम आजाद**

**मधुबनी।** जिले के नेशनल पब्लिक स्कूल दमला बिस्फी में छात्र एवं छात्राओं के लिए वार्षिक पुरस्कार प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया पवित्र कुरान की तिलावत के बाद कक्षा दो की छात्रा सोफिया मेहर ने नात नबी पेश की। इस अवसर पर बोलते हुए नेशनल पब्लिक स्कूल दमला के निर्देशक श्री नसीम हैदर ने कहा कि प्रत्येक मुस्लिम पुरुष और महिलाओं के लिए शिक्षा प्राप्त करना अनिवार्य है जैसा कि हदीस में भी कहा गया है उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब विभिन्न आधुनिक शिक्षण संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है, हमें शीघ्रातिशीघ्र इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है यह हमारा धार्मिक राष्ट्रीय और नैतिक कर्तव्य भी है कि हम अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करें और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करें। उन्होंने आगे कहा




कि हमारी सामाजिक जिम्मेदारियों में से एक यह भी है कि हम अपने आस-पड़ोस और इलाके में लोगों को शिक्षा के महत्व और आवश्यकता के बारे में जागरूक करें, ताकि देश के बच्चे शिक्षा से लैस होकर अच्छे नागरिक बन सकें और देश और राष्ट्र की सेवा करने में सक्षम हो सकें। इस अवसर पर बच्चों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई तथा क्षेत्र के प्रमुख व्यक्तियों द्वारा स्कूली बच्चों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नेशनल पब्लिक स्कूल दमला की ओर से अतिथियों द्वारा क्षेत्र के दर्जनों समाजसेवियों को डायरी पेन व अन्य सामान देकर सम्मानित किया गया जिसकी लोगों ने खूब सराहना की तथा बधाई व शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि नेशनल पब्लिक स्कूल दमला हमारे क्षेत्र में अपनी तरह का अनूठा स्कूल है जिसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। ज्ञात हो कि नेशनल पब्लिक स्कूल बेनीपट्टी की यह दूसरी शाखा है, जो पिछले तीन वर्षों से दामला में सफलतापूर्वक चल रही है। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन युवा पत्रकार कलीम अख्तर शफीक ने किया इस अवसर पर नेशनल पब्लिक स्कूल बेनीपट्टी के प्रबंध निदेशक श्री मुहम्मद सरफराज अहमद गर्जिस सर के साथ-साथ नेशनल पब्लिक स्कूल दामला शाखा के प्राचार्य दानिश सर, जावेद सर, मनोज सर, शाकिर सर मैडम सलबा, अरस्ता मीम एवं लक्ष्मी मीम के अलावा श्री अजीज साहब, समाजसेवी एहसान साहब, श्री दिलशाद साहब, श्री रशद सर एवं क्षेत्र के दर्जनों सामाजिक-राजनीतिक हस्तियां उपस्थित थे।

# इस में कोई संदेह नहीं सिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर जनाब डाक्टर मोहम्मद इंतेखाब आलम एक नेक दिल अखलाक मंद इंसान हैं : डाक्टर मुन्ना खान जिला मोहर्रम कमेटी दरभंगा बिहार

**मुंबई हलचल/सालिम आजाद**

**मधुबनी।** इंतेखाब आलम सिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर जनाब डॉ० इंतेखाब आलम का डाक्टर मुन्ना खान मोहर्रम कमेटी दरभंगा बिहार ने दिल से आभार जिन्हों ने रामनवमी के अवसर पर घायल खिलाड़ियों का मुफ्त में इलाज ही नहीं करवाया बल्कि खुद मौजूद रहकर अपनी निगरानी में सबका ध्यान रखा डॉ० इंतेखाब साहब आप मोहर्रम के अवसर पर भी इसी तरह जाने कितने घायल खिलाड़ियों का कैंप लगाकर और सिटी हॉस्पिटल में भी मुफ्त इलाज करते हैं दरभंगा जिला मोहर्रम कमेटी आप के इस उद्दारीता का दिल से आभार व्यक्त किया है और दरभंगा शहर और गांव के लोग इस कदम पर उनकी खूब सराहना कि और मधुबनी मौलाना अबुल कलाम शकिल आजाद फरोगे मिल्लत तंजिम के अध्यक्ष और आजाद रिपोर्टर के संपादक ने कहा कि सिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर जनाब डाक्टर मोहम्मद इंतेखाब आलम गरीब गुरबा और मजबूर के लिए एक प्रेरणा है जनाब डाक्टर मोहम्मद इंतेखाब आलम इसी तरह ऐसे ही काम करते रहे यही हम सब की दुआ है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक–**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई–68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी–2–301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादकः **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# अमृता फडणवीस द्वारा नवीन चंद्र कुलकर्णी के मसलहेडॉन हेल्थ एंड वेलनेस स्टूडियो का उद्घाटन

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

मुंबई। बैंकर, सिंगर और सोशल ऐक्टिविस्ट व महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस ने मुंबई के बांद्रा मे नवीन चंद्र कुलकर्णी के मसल हेडॉन हेल्थ एंड वेलनेस स्टूडियो का उद्घाटन किया। इस मौके पर नवीन चंद्र कुलकर्णी की पार्टनर पूजा कुलकर्णी भी मौजूद रहीं। अमृता फडणवीस ने रिबन काटकर इस अनोखे हेल्थ एंड वेलनेस स्टूडियो की ओपनिंग की। नवीन चंद्र कुलकर्णी अनुभवी फिटनेस एक्सपर्ट हैं। उनके पास 10 साल से अधिक की शिक्षा और अनुभव है, जो पर्सनल ट्रेनिंग तक ही सीमित नहीं है, बल्कि स्पोर्ट्स न्यूट्रिशन से लेकर आर्ट ऑफ लिविंग से मानसिक और आध्यात्मिक बेहतरी एवं हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से मैनेजमेंट की शिक्षा भी शामिल है। वह एक बॉडीबिल्डर हैं, उन्होंने 2017, 2018 और 2019 में लास वेगास में मिस्टर ओलंपिया प्रतियोगिता में भाग लिया, साथ ही 2018 में अर्नोल्ड स्पोर्ट्स फेस्टिवल में भी हिस्सा लिया। 2024 में नवीन चंद्र





कुलकर्णी एक **TEDx** स्पीकर भी थे। इस अवसर पर अमृता फडणवीस ने मसल हेडॉन हेल्थ एंड वेलनेस स्टूडियो को अच्छी तरह देखा और वह यहां मौजूद सुविधाओं से प्रभावित हुईं। हेल्थ और फिटनेस के प्रति खुद भी ऐक्टिव रहने वाली अमृता फडणवीस ने इस स्टूडियो के फाउंडर नवीन चंद्र कुलकर्णी को ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। पूजा कुलकर्णी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि हम सब बहुत खुश हैं कि अमृता फडणवीस ने अपने व्यस्त शेड्यूल मे से समय निकाल कर हमारे स्टूडियो का उद्घाटन करने आईं। हम उनका दिल से शुक्रिया अदा करते हैं। नवीन चंद्र कुलकर्णी के गाइडेंस मे यह हेल्थ ऐंड वेलनेस स्टूडियो लोगों को शारीरिक और मानसिक रूप से सेहतमंद रखने मे बड़ी भूमिका निभाएगा। नवीन चंद्र कुलकर्णी ने कहा कि हमने 90 दिनों का बॉडी ट्रांसफार्मेशन प्रोग्राम शुरू किया है, जिसे आपको सिर्फ तीन महीनों में परिणाम प्राप्त करने में मदद करने के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। डाइट और न्यूट्रिशन प्लान बनाये गये हैं जो आपके लिए काम करते हैं। फिटनेस सिर्फ ट्रेनिंग के बारे में नहीं है बल्कि आप क्या खाते हैं, क्या पीते हैं, कैसे सोते हैं, यह भी उतना ही मायने रखता है। हमारे विशेषज्ञ आपको सही तरीके से मार्गदर्शन करते हैं और हर क्षेत्र के अलग एक्सपर्ट हैं जो आपको गाइड करेंगे। हम इस हेल्थ और वेलनेस स्टूडियो की मुम्बई में और भी शाखाएं खोलने का इरादा रखते हैं।



# समाज सेवक गौरव शाह के सनातन धर्म जागरण मंच द्वारा मलाड में धूमधाम से रामनवमी बनाया गया

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** हर साल की तरह इस साल भी बड़ी धूमधाम से रामनवमी उत्सव मलाड में सनातन धर्म जागरण मंच द्वारा बनाया गया इस उत्सव में प्रभु श्री राम जी की पालखी, सत्यनारायण भगवान जी की पूजा और 1700 से अधिक भक्तों का महाप्रसाद का आयोजन हुआ। इस उत्सव में मान्यवर भाजपा मुंबई युवा मोर्चा अध्यक्ष तेजिंदर तिवाना जी भाजपा मुंबई सचिव योगेश वर्मा जी, **DPIAF** के चेयरमेन मेरे भाई कल्याण जी जाना जी भाजपा उत्तर मुंबई व्यापारी अध्यक्ष संकल्प शर्मा जी दिल्ली से मेरे भाई सूर्य प्रकाश शर्मा जी और सभी भाजपा की उनके पदाधिकारी शिवसेना की ओर से विष्णु पुजारी जी और उनकी पूरी टीम और शिवसेना के उपविभाग प्रमुख दीपक मोरे जी और उनकी पूरी टीम हमारी संस्था के महिला प्रमुख राखी शाह, निकि चोपड़ा, सोनल शर्मा, जयश्री निवाते, कोमल चौहान, और सभी महिलाओं हमारे संस्था के अल्पेश निवाते संकेत कांबळे विपुल भोजविया आकाश यादव दर्शन जानी और कहीं बॉलीवुड के सितारे और सभी मीडिया कर्मचारी उपस्थित हुए।

# शंकर दाहिया मध्य प्रदेश 19 वर्ष बालक आयु वर्ग के कोच नियुक्त किए गए

**शहडोल।** सहायक संचालक खेल (एनआईएस) फुटबॉल कोच रईस अहमद ने जानकारी दी है कि शंकर दाहिया विचारपुर फुटबॉल कोच, रिलायंस शहडोल, शासकीय विशिष्ट बालक कीड़ा परिषद विचारपुर शहडोल, यहां वर्तमान में प्रशिक्षण दे रहे हैं वह उनका शिष्य है जो की बहुत ही प्रतिभावान है। आगामी समय में इंफाल( मणिपुर )में दिनांक 15 से 21 अप्रैल 2025 तक आयोजित होने वाली शालेय राष्ट्रीय प्रतियोगिता 19 वर्ष बालक आयु वर्ग के लिए मध्य प्रदेश फुटबॉल टीम का कोच नियुक्त किया गया है शंकर दाहिया के चयन होने पर कलेक्टर शहडोल डॉक्टर केदार सिंह, डीआईजी सविता सुहाने शहडोल, रईस



अहमद सहायक संचालक खेल एन आई एस फुटबॉल कोच, राजीव श्रीवास्तव सीएसआर हेड रिलायंस फाउंडेशन शहडोल, पुरस्कार सिंह खेल परिसर प्रभारी विचारपुर, बृजभूषण कामले खेल परिसर अधीक्षक विचारपुर, अजय सोंधिया दयानंद सोंधिया ब्लॉक कोऑर्डिनेटर खेल युवा कल्याण विभाग शहडोल, फुटबॉल कोच अनिल सिंह, लक्ष्मी सहीस, नरेश कुंडे , स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स शहडोल के शानउल्लाह खान नबीउल्लाह खान राशिद खान सहायक संपादक रॉयल राइड हिंदी साप्ताहिक समाचार पत्र साजिद खान संपादक क्रियात्मक सहयोग समाचार पत्र सहित एवं समस्त विचारपुर के कोच एवं खिलाड़ियों ने मध्य प्रदेश टीम का कोच नियुक्त होने पर बधाइयां दी हैं।

# दाई की गलत डिलीवरी से कानपुर में महिला की मौत, नवजात गंभीर



**कानपुर।** यहां अनुभवहीन दाई द्वारा लापरवाही से करवाई गई डिलीवरी युवती की मौत की वजह बन गई। जबकि नवजात की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं पुलिस ने शिकायत के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना जाजमऊ इलाके की है। पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक कानपुर देहात सिकंदरा के रहने वाले मो. रईस की बहन फरजाना (30) का निकाह जून 2024 में कानपुर के जाजमऊ निवासी मुस्तफा से हुआ था। मुस्तफा सउदी अरब में नौकरी करते हैं, जबकि घर में सास शकीला और ससुर समेत अन्य लोग रहते हैं। मो. रईस के मुताबिक उनकी बहन प्रेग्नेंट थी और डिलीवरी पेन होने पर हॉस्पिटल में एडमिट कराने की बजाए घर में ही दाई बुलाकर डिलीवरी करा दी। हालत बिगड़ने पर उसे एक निजी अस्पताल में एडमिट कराया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जबकि नवजात की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

**'आतंकी राणा' बोलेगा 26/11 के राज खोलेगा**

मुंबई में 26/11 के आतंकी तहव्वुर राणा को पटियाला हाईकोर्ट के आदेश पर पूछताछ के लिए एनआईए के सुपर्द कर दिया गया है। यहां 18 दिन टीम उससे पूछताछ करेगी। मुंबई हमले के आरोपी राणा को इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया था। इसके बाद नियमतः उसे पटियाला हाउस में एनआईए की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया था। अमेरिका से भारत लाए गए मुंबई हमले के मास्टर माइंड तहव्वुर राणा की गिफ्तारी से कई राज से पर्दाफाश हो जाएगा। मुंबई हमले के पीछे और कौन-कौन जुड़ा है इसे लेकर भी स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। इस साजिश में पाकिस्तान का हाथ है या नहीं ये भी स्पष्ट तौर पर पता चल जाएगा। 2008 में हुए हमले में 166 लोगों की मौत हो गई थी जबकि 238 से अधिक लोग घायल हुए थे। नेशनल इंवेस्टीगेशन एजेंसी (एनआईए) ने पटियाला की स्पेशल कोर्ट से आतंकी तहव्वुर राणा से पूछताछ के लिए 20 दिन की रिमांड की पेशकश की थी, लेकिन टीम को 18 दिन की रिमांड मंजूर की है। 18 दिन पूछताछ के बाद एजेंसी को फिर से राणा को कोर्ट में पेश करना होगा जिसके बाद उसे जेल भेजा जा सकता है। फिलहाल रिमांड के इन दिनों में राणा से मुंबई हमले से जुड़े सारे राज टीम को पता लगाने होंगे। एनआईए राणा को पूछताछ के लिए रिमांड में लेने से पहले आतंकी राणा का मेडिकल चेकअप भी कराना होगा और जो भी जरूरी दवाएं होंगी उसे मुहैया करानी होगी। दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के राणा के अधिवक्ता ने बताया एनआईए की पूछताछ के बाद आरोपी को फिर से कोर्ट में पेश किया जाएगा। इस आतंकवादी हमले में जीवित बची देविका रोतावन ने गुरुवार को कहा कि मुख्य आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा का अमेरिका से प्रत्यर्पण भारत के लिए एक बड़ी जीत है।

**बिहार चुनाव और तहव्वुर राणा प्रत्यर्पण का संजय राउत ने जोड़ा कनेक्शन**

संजय राउत मुंबई आतंकी हमलों के मुख्य आरोपी तहव्वुर राणा को तुरंत फांसी की सजा देने का समर्थन किया। राउत ने कहा कि तहव्वुर को तुरंत फांसी दी जानी चाहिए लेकिन उसे तो बिहार में विधानसभा चुनाव, जो कि इस साल के अंत तक होने की संभावना है, के दौरान फांसी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आतंकी तहव्वुर राणा को भारत लाने के लिए 16 साल से कानूनी लड़ाई चल रही थी और यह कांग्रेस के शासनकाल के दौरान शुरू हुई थी। उन्होंने कहा कि इसलिए तहव्वुर राणा को वापस लाने का श्रेय किसी को नहीं लेना चाहिए। अबू सलेम का जिक्र करते हुए संजय राउत ने कहा कि भारत प्रत्यर्पित होने वाला तहव्वुर पहला आरोपी नहीं है। इससे पहले मुंबई में 1993 के सिलसिलेवार बम विस्फोट के आरोपी अबू सलेम को भी भारत प्रत्यर्पित किया गया था। इसके साथ ही उन्होंने यह भी मांग की कि आर्थिक भगोड़े नीरव मोदी और मेहुल चोकसी को भी भारत वापस लाया जाए।

## खबर संक्षेप

### बोतल में पेट्रोल न देने पर मैनेजर की हत्या



**बुलंदशहर।** पेट्रोल पंप पर बाइक सवार को बोतल में पेट्रोल देने से मना करने पर पेट्रोल पंप मैनेजर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सिकंदराबाद क्षेत्र अंतर्गत बीती रात एक पेट्रोल पंप पर दो लोग आए और बाइक में 200 रुपए का पेट्रोल भरवाया। उन्होंने एक खाली बोतल में भी पेट्रोल मांगी जिस पर सेल्समैन ने पेट्रोल देने से मना कर दिया।

### 3 मासूमों के साथ तालाब में कूद गई महिला



**भदोही।** यहां के दुर्गागंज थाना क्षेत्र अंतर्गत जद्दोपुर गांव में गुरुवार सुबह दिल दहला देने वाली एक घटना सामने आई है। अन्नू देवी अपने 3मासूम बच्चों के साथ तालाब में कूद गई। इस दर्दनाक घटना से पूरे गांव में कोहराम मच गया है। अब तक केवल एक बच्चे का शव उतराया मिला था। गोताखोरों की टीम उनकी तलाश कर रही है।

### राष्ट्रपति, पीएम ने जयंती की शुभकामनाएं दी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को देशवासियों को महावीर जयंती की शुभकामनाएं दीं।जैन धर्म के 24वें और अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर की 2623वीं जयंती मनाई जा रही है।राष्ट्रपति ने लिखा, महावीर जयंती के अवसर पर सभी देशवासियों, विशेषकर जैन समुदाय को बधाई।

### टीचर ने बच्चे को खून से लथपथ कर दिया



**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले से हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक ट्यूशन टीचर ने सिर्फ इसलिए मासूम छात्र की बेरहमी से पिटाई कर दी क्योंकि उसने होमवर्क पूरा नहीं किया था। पिटाई इतनी ज्यादा की कि बच्चा खून से लथपथ हो गया और उसके शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले।

## वक्फ कानून पर घमासान नहीं थम रहा, सियासी बयानबाजी चरम पर

# ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड देशभर में शुरू करेगा आंदोलन, कोलकाता में सड़क पर बैठा समाज

वक्फ बचाओ मुहिम शहर से गांव तक

### हर जिला मुख्यालय पर धरना देकर राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा जाएगा

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

वक्फ कानून को लेकर घमासान कम होने का नाम नहीं ले रहा। इसको लेकर सियासी बयानबाजी चरम पर है। इस बीच अब वक्फ कानून को लेकर सड़कों पर उतरकर देशभर में धरना प्रदर्शन करने की भी तैयारी है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड कानून के खिलाफ देशभर में धरना प्रदर्शन शुरू करने जा रही है, जो करीब एक महीने तक चलेगा। बोर्ड ने इसे 'वक्फ बचाओ मुहिम' का नाम दिया गया, जिसके पहले दौर का आगाज 10 अप्रैल से हो गया है और 7 जुलाई तक चलेगा। बोर्ड ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन की तैयारी कर ली है। मुंबई में मुस्लिम इलाकों में संवाद यात्रा शुरू करेगा। इसके अलावा इसे लेकर कोलकाता के मुर्शिदाबाद में प्रदर्शन किए जा रहे हैं। कई स्थानों पर संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया। आगजनी की। रामलीला मैदान में जमीयत उलेमा-ए-हिंद की ओर से वक्फ बिल के खिलाफ विशाल प्रदर्शन हुआ. पश्चिम बंगाल जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष सिद्दीकुल्ला चौधरी ने इसे 'काला कानून' करार दिया।

■ भाजपा ने भी काउंटर करने की कर ली तैयारी

करीब एक महीने तक चलेगा इस पर विरोध

बताया जा रहा कि 7 जुलाई को होगा पटाक्षेप

**50 शहरों में प्रेस कॉन्फ्रेंस, महिला विंग भी उतरेगी**




ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने कहा देश के बड़े 50 शहर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करने और सभी बड़े शहरों में बुद्धिजीवी समाज के साथ मीटिंग करने की बात कही। वहीं, महिलाओं को जागरूक करने के लिए महिला विंग भी मैदान में उतरेगी और अलग-अलग प्रोग्राम आयोजित करेगी।

**गांव तक चलेगा अभियान,22 को दिल्ली में 'वक्फ की हिफाजत'**

बोर्ड के मुताबिक वक्फ कानून के विरोध में सभी प्रदेशों की राजधानियों में धरना और गिरफ्तारी कार्यक्रम चलाए जाएंगे। जुम्मे की नमाज के बाद लोग ह्यूमन चेन बनाकर या फिर दूसरे तरीकों से विरोध दर्ज कराएंगे। ये अभियान शाह बानो मामले की तरह शहर से गांव तक चलाया जाएगा। बोर्ड ने 22 अप्रैल को तालकटोरा स्टेडियम में 'वक्फ की हिफाजत' के नाम से एक कार्यक्रम किया जाएगा। लोगों से अपील की गई है कि 30 अप्रैल रात 9 बजे वक्फ के विरोध में लाइटें आंधे घंटे के लिए बंद करें।

### अधिनियम के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची मोइत्रा

**ओवैसी समेत 10 याचिकाओं पर 16 को होगी सुनवाई**



वक्फ संशोधन विधेयक को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंजूरी दे दी है। इस बिल के खिलाफ टीएमसी की सांसद महुआ मोइत्रा सुप्रीम कोर्ट चली गई है। महुआ मोइत्रा ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 की वैधता को चुनौती देते हुए एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथ की पीठ ने इस कानून की वैधता को चुनौती देने वाली एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी द्वारा दायर याचिका सहित दस अन्य याचिकाओं को 16 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है।

### नड्डा ने कांग्रेस पर वक्फ के बारे में मुस्लिमों के बीच गलत सूचना फैलाने का आरोप लगाया

## भाजपा का 'वक्फ सुधार जनजागरण अभियान' 20 अप्रैल से 5 मई तक

अभियान को लेकर नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में कार्यशाला आयोजित

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भाजपा ने 'वक्फ सुधार जनजागरण अभियान' नामक एक राष्ट्रव्यापी अभियान करेगी, जो 20 अप्रैल से 5 मई तक चलेगा। इस अभियान के साथ, भाजपा कांग्रेस और उसके सहयोगियों द्वारा कथित रूप से फैलाई गई गलत सूचनाओं को उजागर करना चाहती है, साथ ही मुस्लिम समुदाय को वक्फ कानून सुधारों के लाभों के बारे में शिक्षित करना चाहती है। इस पहल को शुरू करने के लिए, भाजपा ने पार्टी मुख्यालय में एक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर तुष्टिकरण की राजनीति करने और वक्फ कानून के बारे में मुस्लिम समुदाय के बीच गलत सूचना फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भाजपा कार्यकर्ता पूरे देश में मुस्लिम भाइयों और बहनों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ेंगे और झूठ को उजागर करेंगे तथा नए कानून के वास्तविक उद्देश्य और लाभों को स्पष्ट रूप से समझाएंगे। उन्होंने बताया कि वक्फ सुधार वंचित मुसलमानों के लाभ के लिए वक्फ संपत्तियों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करेंगे, खासकर शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में, जिससे जरूरतमंद लोगों के लिए अधिक अवसर और सहायता प्रणाली बनेगी।अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने भी में भाग लिया। उन्होंने वक्फ सुधारों के बारे में गहन जानकारी दी। इस प्रशिक्षण सत्र के लिए भाजपा ने प्रत्येक राज्य से 3-4 नेताओं को आमंत्रित किया था, जिसमें प्रत्येक राज्य के अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष भी शामिल थे। अब जिला स्तर के नेताओं को प्रशिक्षित करने राज्यों में कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।

### नाम बदलने पर छिड़ा विवाद

## एएसआई ने जामा मस्जिद के बोर्ड पर लिखा जुमा, विरोध




मुंबई हलचल / नई दिल्ली

यहां की ऐतिहासिक जामा मस्जिद को लेकर एक बार फिर विवाद गहराता जा रहा है। इस बार मसला नाम को लेकर है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने मस्जिद के बाहर लगाए जाने वाले नए बोर्ड पर जुमा मस्जिद लिखवाया है। दस्तावेज और पुराने समझौतों में यह जामा मस्जिद के नाम से दर्ज है। यही नहीं, 1927 में मस्जिद कमेटी और एएसआई के बीच हुए समझौते में भी इसी नाम का उल्लेख किया गया था। जामा मस्जिद कमेटी के उप सचिव मशहूद अली फारूखी ने कहा कि जब रिकॉर्ड ,एग्रीमेंट में जामा मस्जिद लिखा है तो मनमाने ढंग से जुमा नाम का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। 1920 से एएसआई द्वारा संरक्षित इस इमारत का बोर्ड पहले मस्जिद परिसर के भीतर लगा था लेकिन अब इसे बाहर लगाया जाना है।

**एएसआई की सुविधा के अनुसार लगी पट्टिका**

बोर्ड पर जुमा मस्जिद लिखा गया है। मस्जिद इंतजामिया कमेटी के अधिवक्ता शकील वारसी ने कहा कि यह मस्जिद शाही जामा मस्जिद के नाम से प्रसिद्ध है।उन्होंने एएसआई द्वारा नाम बदलने को एक नई गलत शुरुआत बताया और कहा कि इससे एक और विवाद खड़ा हो सकता है। इस पर आपत्ति दर्ज कराई जाएगी और मांग की जाएगी कि मस्जिद के ऐतिहासिक नाम से कोई छेड़छाड़ न हो। दूसरी तरफ एएसआई के अधिवक्ता विष्णु कुमार शर्मा का कहना है कि मस्जिद पहले से ही संरक्षित इमारत है और उसका बोर्ड परिसर के भीतर लगा था।

### जय महावीर स्वामी



**अजमेर।** जैन समुदाय के सदस्य गुरुवार को अजमेर में महावीर जयंती के अवसर पर जुलूस में भाग लेते हुए।

### राणा का प्रत्यर्पण मोदी के नेतृत्व में भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा नीति की बड़ी जीत: पूनावाला

# अपराधी पाताल में ही क्यों न छिपा हो, भारत अब उसे न्याय के कठघरे में लाने की रखता है ताकत

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण पर कहा कि उसे अमेरिका से भारत लाना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा, 'चाहे कोई भी अपराधी पाताल में ही क्यों न छिपा हो, भारत अब उसे ढूंढकर न्याय के कटघरे में लाने की ताकत रखता है।' भाजपा प्रवक्ता ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा नीति की बड़ी जीत बताया। पूनावाला ने कहा कि यह प्रत्यर्पण सिर्फ एक कानूनी प्रक्रिया नहीं, बल्कि भारत के नए संकल्प और आत्मविश्वास का प्रतीक है।

इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि यूपीए शासन में आतंकवाद पर सख्त कार्रवाई की बजाय वोट बैंक की राजनीति की जाती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि उस समय कुछ आतंकियों को सिर्फ इसलिए छोड़ दिया गया क्योंकि वे एक खास धर्म से थे। उन्होंने दावा किया कि उस दौर में पाकिस्तान को 'मोस्ट फेवर्ड नेशन' का दर्जा दिया जाता था, जबकि आज ऐसे देश को 'मुंहतोड़ जवाब' (एमर्ज) की नीति अपनाई जाती है। भाजपा नेता ने कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार के उस कथित बयान की आलोचना की जिसमें उन्होंने शहीद हेमंत करकरे की मौत के लिए आतंकियों की बजाय पुलिसवालों को दोषी ठहराया था। उन्होंने पूछा कि क्या अब वे लोग माफी मांगेंगे जिन्होंने 26/11 को संघ या हिंदुओं की साजिश बताया था? उन्होंने यह भी कहा कि 2004 से 2014 के बीच हुए आतंकवादी हमलों की लंबी सूची इस बात का प्रमाण है कि उस समय राजनीतिक इच्छाशक्ति की भारी कमी थी। वहीं, अब मोदी सरकार के नेतृत्व में एयर स्ट्राइक और सर्जिकल स्ट्राइक जैसे ठोस कदम उठाए गए हैं।

शहजाद पूनावाला ने कहा कि आज भारत 17 से 18 देशों से अपराधियों और आतंकियों को प्रत्यर्पित करवा रहा है। यह भारत की कूटनीतिक सफलता और वैश्विक मंचों पर प्रभावशाली उपस्थिति का संकेत है।

## विदेश मंत्री आज करेंगे सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित

# वैश्विक तकनीक सम्मेलन से मिलेगी समावेशी विकास को मजबूती

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

जियो-तकनीक को लेकर भारत के फ्लैगशिप संवाद से जुड़े 'वैश्विक तकनीक सम्मेलन-25' (जीटीएस) के उद्घाटन सत्र को शुक्रवार को नई दिल्ली में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर संबोधित करेंगे। औपचारिक रूप से इस तीन दिवसीय सम्मेलन की शुरुआत 10 अप्रैल से हो गई है। इस वर्ष इसका नौवां संस्करण है, जिसकी सह-मेजबानी विदेश मंत्रालय और कार्नेगी इंडिया संयुक्त रूप से कर रहे हैं।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि 2025 की जीटीएस की थीम 'संभावना' रखी गई है। जिसके जरिए यह देखने-समझने की कोशिश की जाएगी कि कैसे तकनीक की मदद से समावेशी विकास, डिजिटल गवर्नेंस की मजबूती और सीमा पार भागीदारी को बढ़ावा दिया जा सकता है? सम्मेलन में दुनिया के 40 देशों के 150 से अधिक वक्ता शामिल होंगे। जीटीएस के केंद्र में दुनिया के सामने खड़ी तकनीक से जुड़ी हुई चुनौतियां और अवसर भी होंगे।



**यह देश होंगे जीटीएस में शामिल**

*भागीदार देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, जापान, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, जर्मनी, यूएई, ब्राजील, यूरोपीय संघ, फिलीपींस और नीदरलैंड जैसे देश शामिल हैं। 12 अप्रैल को विदेश सचिव विक्रम मिस्री सम्मेलन में भाग लेंगे। बताते चलें कि वर्ष 2016 में इस सम्मेलन की शुरुआत के साथ ही यह वैश्विक तकनीक ट्रेंड, रोजगार निर्माण पर उनके प्रभाव और नवाचार को संतुलित करने के लिए नियमों के साथ ली गई सीख से जुड़ा रहा। जबकि इसकी प्रमुख थीम डिजिटल नवाचार, ऑटोमेशन और आपस में जुड़ी हुई दुनिया में भारत की भूमिका जैसे विषयों पर केंद्रित रही।*

**ग्लोबल साउथ क्षेत्र को होगा लाभ**

जीटीएस में आयोजित किए जाने वाले सत्रों में शामिल जटिल विषयों में एआई गवर्नेंस, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, डेटा प्रोटेक्शन, साइबर-स्पेस सिक्योरिटी और ग्लोबल साउथ के देशों के साथ उभरती हुई तकनीक को लेकर सहयोग बढ़ाना शामिल है। यह आयोजन अगली पीढ़ी की आवाज को भी सबके सामने रखेगी। युवा एंबेस्डर प्रोग्राम के जरिए छात्र और युवा व्यवसायी देश भर में सीधे नीति संवाद में भागीदारी कर सकेंगे।

**इन विषयों पर होगी चर्चा**

सम्मेलन की 2025 की संभावना थीम के साथ केन पॉलिटिक्स मीट आपूच्युनिटीः द फ्यूचर ऑफ टेक्नोलॉजी पार्टनरशिप, एआईः अ रियलिटी चेक, संभावनाः द स्टेट ऑफ जियोपोलिटिक्स ऑफ टेक्नोलॉजी, टेक ब्रिजेजः इंडिया-ईयू टेक कॉपरेशन एंड डिमिस्टिफाइंग, डीपसीकः द फ्यूचर ऑफ एआई जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। जीटीएस में सरकार, उद्योग, अकेडमिया और सोशल सोसायटी के प्रतिनिधियों की भागीदारी देखने को मिलेगी।
इन चर्चाओं से अंतरराष्ट्रीय तकनीक से जुड़ी चर्चाओं के जरिए नवाचार, लचीलापन और वैश्विक सहयोग को आकार देने में मदद मिलेगी।

### केंद्रीय मंत्री जोशी और मुख्यमंत्री योगी ने बैठक में लिया हिस्सा

# यूपी में गेहूं खरीद, पीएम-कुसुम योजना व सूर्य घर की समीक्षा की

## जोशी ने मोहनलालगंज मंडी में गेहूं क्रय केंद्र का किया दौरा, किसानों से मिले

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने गुरुवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ प्रदेश में गेहूं खरीद, प्रधानमंत्री-कुसुम योजना और प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए.के शर्मा और भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की सचिव निधि खरे भी उपस्थित रहीं। बैठक में उत्तर प्रदेश द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में 22 गीगावाट सौर ऊर्जा क्षमता के लक्ष्य को प्राप्त करने की प्रतिबद्धता को दोहराया गया।



**सौर पंप परियोजना को भी देखा**

बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री ने लखनऊ के बक्शी का तालाब तहसील के दुग्गौर ग्राम में पीएम-कुसुम सी-1 योजना के अंतर्गत स्थापित सौर पंप परियोजना का भी अवलोकन किया। यहाँ स्थानीय निवासी मोहम्मद अहसान अली खान ने अपने निजी 7.5 एचपी ऑन-ग्रिड पंप के लिए 11.2 किलोवाट का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया है, जिसकी कुल लागत 6,23,909 रूपये है। इसमें 1,87,173 रुपए की राशि केंद्र सरकार और 3,74,345 रुपए राज्य सरकार द्वारा अनुदान स्वरूप प्रदान की गई, जबकि लाभार्थी का स्वयं का खर्च मात्र 62,391 रुपए रहा है।

**खरीद प्रक्रिया को देखा**

जोशी ने लखनऊ के मोहनलालगंज मंडी में गेहूं खरीद केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने ई-पॉप मशीन के माध्यम से हो रही गेहूं की खरीद, सफाई और माप की प्रक्रिया को देखा। उन्होंने किसानों से बातचीत करते हुए जाना कि किस प्रकार केंद्र और राज्य सरकार द्वारा तकनीक के इस्तेमाल से उनकी फसल की बिक्री पारदर्शी और सुविधाजनक हो रही है।

**सब्सिडी भी दी जा रही**

जोशी ने कहा कि राज्य सरकार केंद्र सरकार की योजनाओं-पीएम कुसुम योजना, पीएम सूर्य घर योजना को प्रभावी रूप से लागू करने में अग्रणी भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की योजना है कि किसानों को अधिकतम लाभ मिले। जोशी ने कहा कि पीएम-कुसुम योजना के कारण अब किसान केवल बिजली पर निर्भर नहीं हैं, बल्कि वह स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा से भी खेती कर रहा है। इससमें सरकार 90 प्रतिशत तक सब्सिडी प्रदान कर रही है, जिससे किसान सोलर सिस्टम को सस्ती दरों पर स्थापित कर सकें।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# 11 अप्रैल रात 12 बजे सत्ताधारी विधायकों के घर के बाहर प्रहार के अधिकारी करेंगे मशाल आंदोलन



**सांगली।** 11 अप्रेल को  मध्य रात्रि 12 बजे प्रहार पदाधिकारी सत्ताधारी विधायकों के घरों के सामने मशाल जुलूस निकालेंगे। किसानों का कर्ज माफ न किए जाने के विरोध में पूरे जिले में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस संबंध में पदाधिकारियों ने पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। विधानसभा चुनाव के दौरान किसानों के कर्ज माफ करने का वादा कर चुनी गई सरकार कर्ज माफ नहीं कर रही है। वह किसानों को धोखा दे रही है। इस संबंध में वित्त मंत्री अजीत पवार ने हाल ही में घोषणा की है कि वे ऋण माफ नहीं करेंगे। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस और अन्य मंत्रियों ने भी घोषणा की है कि वे ऋण माफ नहीं करेंगे। घोषणा की गई है कि प्रहार के पदाधिकारी न्याय और अधिकारों, जैसे कृषि ऋण माफी और कृषि उत्पादों के लिए गारंटीकृत मूल्य की मांग को लेकर राज्य के सभी विधायकों और मंत्रियों के घरों के सामने आधी रात को मशाल जुलूस निकालेंगे। तदनुसार, कल 11 अप्रैल 2025 को मध्य रात्रि 12 बजे सांगली जिले में जिले के सत्तारूढ़ विधायकों के घरों के सामने विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस संबंध में शिराला में प्रहार पार्टी के अध्यक्ष बंटी नांगरे पाटिल, इस्लामपुर में प्रहार किसान संघ के अध्यक्ष दिग्विजय पाटिल और मिरज के पदाधिकारियों ने ज्ञापन दिया है। इस समय शिराला अध्यक्ष बंटी नांगरे पाटिल ने कहा है कि प्रहार जनशक्ति पार्टी की ओर से विधायक  सत्यजीत देशमुख के घर के सामने सार्वजनिक सड़क पर, गले में नीला दुपट्टा, हाथ में भगवा झंडा और मशाल लेकर 11 अप्रैल को रात 12:00 बजे विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। यह विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से होगा, इसलिए हमने मांग की है कि सरकार हमारी मांगों को स्वीकार करे।

# सीपी अखिल के पीछे पड़े कार्यवाही से खफा कानपुर के सफेदपोश माफिया, जारी साजिश!

**कानपुर।** लगातार प्रभावी कार्रवाई किए जाने से नाराज सफेदपोस माफिया अपराधी पुलिस कमिश्नर के रूप में जुझारू अखिल कुमार की अगुवाई वाली कानपुर पुलिस को बदनाम करने के लिए हर हथकंडा अपना रहे हैं। इस मामले में उनका सहयोग सफेदपोस माफिया अपराधियों के संरक्षण दाता कई जन प्रतिनिधि नेता द्वारा भी पर्दे के पीछे से किए जाने का दावा भरोसेमंद सूत्रों ने किया है। उनके मुताबिक उनके निशाने पर मुख्य रूप से पत्रकारिता की आढ़ में हर तरह का अपराध करने वाले शातिर अवनीश दीक्षित गिरोह समेत अन्य सफेदपोशों के भी खिलाफ प्रभावी कार्रवाई का रिकॉर्ड तोड़ने वाले पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार हैं, जिनकी गिनती देश प्रदेश के बेहद कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार, निडर निष्पक्ष ,पारदर्शी, व्यवहार कुशल और कठोर परिश्रमी अधिकारियों में की जाती है।

उन्होंने पुलिस कमिश्नर के रूप में अपनी पोस्टिंग के बाद बड़ी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कानपुर में सब कुछ वही किया जो योगी सरकार की मंशा के अनुरूप पूर्ण रूप से जनहित में है। केवल कानपुर में नहीं इसके पहले भी पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार जहां भी पोस्ट रहे हैं, वहां भी उनका कार्यकाल सफेदपोश माफिया अपराधियों को भी धूल चटा देने वाला ही रहा है। उन्होंने कानून और शांति व्यवस्था के खिलाफ आचरण



को किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया और उन सभी लोगों को भरपूर सबक सिखाया जो कानून को अपने हाथ की कठपुतली समझते थे और जिन्हें पुलिस प्रशासन का कोई डर भी नहीं था। और अगर इसी संदर्भ में अगर वर्तमान हालातों की बात करें तो इन शातिर सफेदपोसों और उनके संरक्षण दाता अनेक नेताओं की पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के खिलाफ सबसे ज्यादा नाराजगी का संबंध विश्व पत्रिकारिता के इतिहास में पहली बार पत्रकारिता की आढ़ में अपराध करने वाले शातिर अवनीश दीक्षित गिरोह का बड़ी निडरता के साथ भंडाफोड़ किये जाने से है। सूत्रों के मुताबिक यही खास वजह है कि इन सफेद पोसों ने पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के खिलाफ अपने इरादे में सफल होने के लिए हाल फिलहाल अपना मुख्य माध्यम कुछ तथाकथित यूट्यूबर्स एवं असामाजिक तत्वों को भी बना रखा है जो कि पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के खिलाफ अपने निहित स्वार्थ पूर्ति के लिए मौका मिलते ही हर तरह का हथकंडा अपनाने से नहीं चूकते, जिसका सबसे बड़ा ज्वलंत उदाहरण है, बीते रामनवमी पर्व के जरिए शोभायात्रा को लेकर जुलूस में भगदड़ एवं मारपीट की फैलाई गई अफवाह और इसी से जुड़ी भ्रामक ,असत्य और निराधार खबरें। कुल मिलाकर योगी सरकार की मंशा के अनुरूप पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के लगातार बरकरार तीखे तेवरों से यहां के सफेदपोश माफिया अपराधियों,भ्रष्ट पुलिस कर्मियों और दलालों में जबरदस्त खलबली मची हुई है। मतलब उनको पुलिस कमिश्नर के रूप में वरिष्ठ आईपीएस अखिल कुमार की कानपुर में पोस्टिंग की किसी भी दशा में रास नहीं आ रही है। शायद उनको यकीन सा है कि अगर कानून व्यवस्था और लोकगीत में अपने धुन के पक्के वरिष्ठ आईपीएस अखिल कुमार जल्द से जल्द कानपुर से नहीं हटे तो अपराधिक कृत्यों के जरिए स्थापित किया गया उनका साम्राज्य और उनका अस्तित्व मिट्टी में मिलते देर ना लगेगी। फिलहाल उनका इरादा क्या वास्तव में सफल हो पाएगा। यह आने वाला वक्त ही बताएगा।

# इबादतों के स्वीकृति का ईश्वरीय संकेत

प्रिय भाइयों बहनों  रमजान का शुभ और पवित्र महीना हम सभी विदा ले चुका है और हमने अपनी बिसात भर इसकी रहमतों और बरकतों को अपने दामन में समेटने की कोशिश की है। अपनी नमाजों अपनी तराबीह और कुरआन की तिलावत और विभिन्न इबादतों के जरिए अपने अल्लाह से संबंध और अपने रसूल हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम से मोहब्बत का जो इजहार हमने किया था यह इबादते हमारी कितनी काम आई और अल्लाह के यहां कितनी लोक प्रिय हुई इस बात का सबूत तो हमारी आने वाली 11 महीने की जिंदगी देगी अगर आइंदा 11 महीनों में इबादतों का यह सिलसिला अल्लाह और उसके रसूल हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम से ताल्लुक कि यह बुनियादे अगर उसी तरह से बनी रही तो इसका मतलब यह है कि हमने रमजान की इन बरकतों से फायदा उठाया वरना हमारी हालत तो यह है कि शव्वाल के महीने का चांद नजर आते ही हमारी हालत रमजान के महीने से पहले की हालात की तरफ पलट जाती है।

आईए ईद के दिन हम इस बात का अहद करें जो कुछ इबादतें हमने रमजान के महीने में की है जो भी अल्लाह उसके रसूल हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम से ताल्लुक की कोशिश हमने की है हम आइंदा भी 11 महीने इसको निभाते रहेंगे और इस ताल्लुक को और तरक्की देते रहेंगे अल्लाह के हकों के साथ उसके बंदों का भी हक अदा करते रहेंगे उनके दुख में उनकी तकलीफ में हमेशा उनके साथ देते रहेंगे अपनी हैसियत भर जो बन पड़ेगा उनकी मदद और सहायता करते रहेगे तभी रमजान का अल्लाह का उसके रसूल का और उसके बंदों का हक अदा हो सकेगा। भाइयों बहनों आईए हम आप मिलकर दुआ करें कि अल्लाह मेरी अम्मी हज्जन जुबेदा बी रहमतुल्लाहि अलैहा और अब्बू जनाब बाबू खान कादरी साहब की बख्शीस और मगफिरत फरमाकर उनके दरजात को बुलंद फरमाए आमीन या रब्बुल आलमीन।

**-साजिद खान हज्जन जुबेदा बी मीडिया ग्रुप**

# पूर्व की सरकारों की नीयत मे खोट के कारण गरीबों को नही मिला लाभ: डिप्टी सीएम मौर्या

**कानपुर।** लाभार्थी बैठक/संवाद कार्यक्रमो में बोलते हुए प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में गरीब कल्याण की योजनाएं आगे बढ़ रही है। 5 करोड़ से अधिक लोगों को आवास मुहैय्या कराए गए हैं नरेंद्र मोदी जी के ने आयुष्मान भारत योजना चालू कर गरीबों के को के 5 लाख तक के इलाज की मुफ्त व्यवस्था की। गुरूवार को भाजपा के गांव/वार्ड चलो कार्यक्रम के तहत शहर आए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने भाजपा सरकारों के कामों को गिनाया।इस दौरान वह विपक्षी दलों पर भी खूब बरसे। भाजपा जूही मंडल द्वारा जूही परमपुरवा के एक गेस्ट हाउस में आयोजित संवाद बैठक मे उन्होंने कहा कि मोदी जी के आने से पहले गरीब कल्याण योजना का राशन निशुल्क नहीं मिलता था उन्होंने लाभार्थियों से सवालिए  लहजे में पूछा तो लाभार्थी बोले कि अब मोदी जी के आने के बाद राशन निशुल्क मिल रहा है। डिप्टी सीएम ने कहा कि मोदी जी ने भ्रष्टाचार को रोककर खजाने का मुंह गरीबों के लिए खोल दिया है। गरीबों की भलाई के लिए अभी तक जो कुछ हुआ



है वह तो झांकी है। पूरी पिक्चर अभी बाकी है। अभी गरीब वर्ग के लिए बहुत कुछ होने वाला है उन्होंने कहा कि मोदी जी ने एलान किया है कि 2027 तक देश तीसरी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा ।2047 तक अमेरिका की तरह भारत भी विकसित राष्ट्र हो जाएगा उन्होंने कहा कि पीडीए के नाम पर भ्रष्टाचार के रास्ते नहीं खुलने दिए जाएंगे। गरीबों के लिए जो काम शुरू हुआ है वह गरीबों को अमीर बनाने तक जारी रहेगा। 2027 में 2017 की तरह ही जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि पहले कुछ ही घंटे बिजली आती थी। पहले खुले बिजली के तारों में लोग कपड़े सुखाते थे। अब 24 घंटे बिजली आती है। भ्रष्टाचार मुक्त देश प्रदेश व कानपुर बनाने के समर्थन के लिए ही आपके पास आए हैं। सरकार के पास खजाने की कमी नहीं है और न ही पूर्व की सरकारों में थी परंतु उनकी नियत सही नहीं थी पहले 1 गरीबों के पास भेजे जाते थे उसमें से 15 पैसे ही पहुंचे थे अब डीबीटी ट्रांसफर के जरिए सीधे पूरा का पूरा पैसा लाभार्थियों तक पहुंच रहा है।इसके पूर्व डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल सांसद रमेश अवस्थी विधायक 22 त्रिवेदी एमएलसी विधायक अरुण पाठक पूर्व विधायक रघुनंदन सिंह भदोरिया नवीन पंडित ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# मंत्री रामदास अठावले जी ने किया 'रियल्टी क्वार्टर' के 8वें रियल एस्टेट एंड कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री लीडरशिप अवॉर्ड्स 2025 का शुभारंभ

## मुंबई में रियल एस्टेट जगत के दिग्गजों और चैनल पार्टनर्स का हुआ भव्य सम्मान समारोह












**मुंबई।** रियल एस्टेट मीडिया की अग्रणी संस्था 'रियल्टी क्वार्टर' द्वारा आयोजित 8वां रियल एस्टेट एंड कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री लीडरशिप अवॉर्ड्स 2025 समारोह मुंबई में भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस गरिमामयी कार्यक्रम में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री श्री रामदास अठावले जी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन रियल्टी क्वार्टर के संस्थापक श्री पवन चौहान की अगुवाई में किया गया, जिसमें मुंबई, पुणे और अहमदाबाद से आए 20 से अधिक चैनल पार्टनर संगठनों ने भाग लिया। समारोह की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई और रियल एस्टेट क्षेत्र के दिग्गजों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्री रामदास अठावले जी ने अपने संबोधन में कहा कि रियल एस्टेट और निर्माण क्षेत्र देश की प्रगति की रीढ़ है। ऐसे आयोजनों से इस क्षेत्र को नई दिशा मिलती है। हाजी अली व माहिम दरगाह के ट्रस्टी सुहैल खंडवानी को गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख व्यक्तित्वों जैसे एडवोकेट अमीत मेहता, डॉ. संजय चतुर्वेदी, और सिद्धांत ठाकुर द्वारा कानूनी और प्रोजेक्ट संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। जितेंद्र मेहता, सीए रमेश प्रभु और डॉ. अजय दुबे जैसे रियल एस्टेट विशेषज्ञों ने पैनल डिस्कशन में भाग लिया। कार्यक्रम में अनेक फिल्म, टीवी एवं सोशल मीडिया की हस्तियों ने भी शिरकत की, जिनमें शामिल थे: आरुषि निशंक, मनोज मल्होत्रा, गरिमा अग्रवाल, पियू चौहान, पूजा भानुशाली, कल्याणी ठाकरे, अर्चना जैन, जीविधा शर्मा, अर्जुमन मुगल, मिन्नी बंसल, गिरीश थापर ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर रियल एस्टेट एवं कंस्ट्रक्शन सेक्टर के अनेक दिग्गजों को उनके सराहनीय योगदान के लिए निम्नलिखित श्रेणियों में राजकुमार धरू, धीरन थारवानी, अभिषेक थारवानी, राहुल आप्टे, देवेंद्र धीरे, आदित्य डुंगरवाल, देवेंद्र, गृष्मा पांडे, लुकास रोड्रिगेज, अमरपाल सिंह, विवेक दुबे, यतार्थ, यशवंत राठौड़, विक्रांत बागवे, रफीक मर्चेंट, श्रवण मोरे, संजय शर्मा, मयुरेश शिंदे, सागर विसावडिया, संजय बोरावत, प्रीतम जैन, उमेश झावर, सागर अग्रवाल, अनिल नाइक, कविता सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि सम्मान अल्पेश जे. शाह, इरम फरीदी, आनंद दुबे, अजित चव्हाण, डॉ. नितिन जाधव, तेजल वासा, संध्याताई सावलखे आदि शामिल थे। यह भव्य समारोह श्री पवन चौहान, शाहिस्ता अंसारी एवं रियल्टी क्वार्टर की टीम के नेतृत्व में पूर्णतः सफल रहा। मंत्री श्री रामदास अठावले जी की प्रेरणादायक उपस्थिति ने इस आयोजन को विशेष गौरव प्रदान किया और रियल एस्टेट एवं कंस्ट्रक्शन सेक्टर के महत्व को एक नई पहचान दी। सभी गणमान्य अतिथियों को श्री पवन चौहान, शाइस्ता अंसारी, और टीम द्वारा सम्मानित किया गया। रियल्टी क्वार्टर की 8वीं वर्षगांठ का यह आयोजन न केवल एक सम्मान समारोह था, बल्कि यह भारत के रियल एस्टेट क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ते कदमों का उत्सव भी था।

















दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर





# अक्षय कुमार को भाई बनाना चाहती थीं कैटरीना कैफ

**बॉलीवुड** में कुछ ऐसे में एक्टर और एक्ट्रेस हैं, जिनकी जोड़ी को फैंस के बीच काफी पसंद किया जाता है। सोनाक्षी सिन्हा शाहिद कपूर से लेकर कैटरीना कैफ अक्षय कुमार तक इस लिस्ट में शामिल हैं। अक्षय और कैटरीना को साथ में पर्दे पर देखना फैंस को काफी पसंद है। यही कारण है कि फैंस इनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार करते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि अक्षय कुमार को कैटरीना कैफ राखी बांधना चाहती थीं। पर्दे पर भले अक्षय और कैटरीना अपने रोमांस से दिल चुरा लेते हों। लेकिन पर्दे के पीछे दोनों खूब एक दूसरे की टांग खींचे हैं। ऐसे में हाल ही में एक किस्सा सामने आया है कि कैटरीना कैफ कैसे अक्षय कुमार को राखी बांधना चाहती थीं। कॉफी विद करण 2016 में कैटरीना कैफ ने बताया था कि कैसे वो अक्षय कुमार को फिल्म तीस मार खां के सॉन्ग शीला की जवानी की शूटिंग के दौरान राखी बांधना चाहती थीं। लेकिन एक्टर ने राखी बंधवाने से इंकार कर दिया था। इसके बाद कटरीना कैफ ने अर्जुन कपूर को अपना राखी भाई बनाना चाहा। कैटरीना कैफ ने बताया था कि उस वक्त मैं एक ऐसे इंसान को ढूंढ रही थी जिसका मैं सम्मान करती हूं और अच्छा दोस्त मानती हूं। मैंने तभी अक्षय को कहा था कि क्या मैं तुम्हें राखी बांध सकती हूं? ये सुनने के बाद अक्षय ने कहा था कि कैटरीना क्या तुमको थप्पड़ खाना है?

# सोनम कपूर करेंगी डिजिटल डेब्यू

बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनम कपूर अपनी दमदार एक्टिंग के लिए जानी जाती हैं। वह आखिरी बार साल 2019 में फिल्म 'द जोया फैक्टर' में नजर आई थीं। वह अब क्राइम थ्रिलर फिल्म 'ब्लाइंड' में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म के लिए सोनम कपूर ने जमकर मेहनत की है। हाल ही में सोनम ने 'ब्लाइंड' की शूटिंग पूरी की है। यह फिल्म थिएटर में रिलीज होना थी। लेकिन अब खबर है कि फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया जाएगा। बताया जा रहा है कि मौजूदा हालातों को देखते हुए मेकर्स इसे डिजिटल प्लटफॉर्म पर रिलीज करेंगे। खबरों के अनुसार सोनम कपूर की 'ब्लाइंड' को डिजिटली रिलीज करने के लिए तीन डिजिटल स्ट्रीमिंग कंपनियों से बातचीत चल रही है। और जल्द ही किसी एक डील को फाइनल कर दिया जाएगा। ब्लाइंड से सोनम कपूर डिजिटल प्लेटफॉर्म पर डेब्यू करेंगी। सुजॉश घोष द्वारा निर्मित यह फिल्म कोरियाई मिस्ट्री थ्रिलर 'ब्लाइंड' का हिन्दी रीमेक है। इस फिल्म का निर्देशन शोम मखीजा ने किया है। फिल्म में सीरियल किलर की तलाश में जुटी एक पुलिस अधिकारी की कहानी को दिखाई जाएंगी। खास बात यह है कि वह पुलिस अधिकारी ब्लाइंड है।



# पाकिस्तान क्रिकेटर शोएब अख्तर की इच्छा- बायोपिक में सलमान खान करें उनका रोल




**खिलाड़ियों** के रीयल लाइफ को रील लाइफ में उतारना आजकल बॉलीवुड में ट्रेंड बन गया है। कई सारे भारतीय खिलाड़ियों पर बायोपिक बन चुकी है। और, आने वाले दिनों अभी और ऐसी फिल्में आएंगी भी। मगर, बायोपिक को लेकर एक बड़ा विचार पाकिस्तान के क्रिकेट महकमें से भी आया है। वहां के एक दिग्गज क्रिकेटर ने अपने ऊपर बनने वाली बायोपिक में खुद के रोल के लिए सलमान खान को फिट एक्टर बताया है। और कहा है कि वो चाहता है कि उसका रोल सलमान ही करें। कई बार क्रिकेटर्स भी अपने ब्रैंड इंडोर्समेंट के लिए कलाकारों की तरह लोगों का मनोरंजन करते नजर आते तो वहीं सेलिब्रिटीज भी अपनी टीम बनाकर क्रिकेट के मैदान में आमने-सामने आते नजर आते हैं। अब पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने मीडिया से कहा कि वो बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान से अपनी बायोपिक फिल्म करवाना चाहते हैं। शोएब ने ये बात पाकिस्तान के पत्रकार को दिए हुए इंटरव्यू के दौरान कही है। शोएब ने कहा, 'अगर मेरे जीवन पर कभी बायोपिक फिल्म बनती है तो मेरी ख्वाहिश है कि सलमान खान उसमे मेरा मुख्य किरदार निभाए'।